बाबू भाई स्वीट्स का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित

निरीक्षण में स्वीट्स दुकान में पाई गई अव्यवस्थायें

नवभारत, जबलपुर। खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अस्वच्छ और अस्वास्थकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण करते पाये जाने पर दमोहनाका, जबलपुर स्थित बाबू भाई स्वीट्स का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा पंजीयन निलंबन की अवधि के दौरान इस प्रतिष्ठान से खाद्य कारोबार के संचालन को भी पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। पंजीयन अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन देवेन्द्र कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबू भाई स्वीट्स का शनिवार को गरूड़ दल के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया था और निरीक्षण के दौरान यहां अस्वच्छ एवं अस्वास्थकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण होते पाया गया था। उन्होंने बताया कि वार्षिक टर्नओवर 12 लाख से अधिक होने के कारण इस प्रतिष्ठान का संचालन भी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के अंतर्गत खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त कर कारोबार किया जाना चाहिये, जो निरीक्षण के दौरान नहीं पाया गया था।

मिलावट रोकने खोवा की मिठाइयों के लिए सैंपल

जिले भर में मिठाई दुकानों की जांच जारी

जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को जबलपुर, पनागर, पाटन, सिहोरा सहित जिले भर में मिठाई दुकानों की जाँच का अभियान चलाया गया। इस दौरान राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की टीमों ने मिठाई दुकानों से खाद्य पदार्थों खास तौर पर खोवा से बनी मिठाइयों के सैंपल लिए, जिनका परीक्षण किया जाएगा। खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने चलाये जा रहे इस विशेष अभियान में खोवा और खोवा से बनी मिठाइयों पर खास ध्यान दिया जा रहा है। राजस्व, पुलिस और खाद्य विभाग की टीमों ने खोवा मंडी जबलपुर एवं पाटन के खोवा विक्रय प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया तथा जाँच के लिये सेंपल भी लिये गये।

कोल्ड्रिफ कफ सिरप की तलाश करने घर-घर दी दस्तक

जबलपुर। कोल्ड्रिफ कफ सिरप की तलाश करने शनिवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर दस्तक दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह ने बताया कि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार घर-घर दस्तक देकर प्रतिबंधित कोल्ड्रिफ कफ सिरप की तलाश करने का जिले में यह अभियान को लगातार जारी रहेगा। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों कफ सिरप के इस्तेमाल के बारे में जागरुकता पैदा की जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी के मुताबिक अभियान में कहीं भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप प्राप्त नहीं हुआ।

वेयरहाउस संचालकों का धरना तीसरे दिन भी जारी

वर्षों से लंबित भंडारण शुल्क के भुगतान की मांग

जबलपुर। जिले के वेयरहाउस संचालकों द्वारा भंडारण शुल्क के लंबित भुगतान की मांग को लेकर शुरू किया धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। जबलपुर जिला वेयरहाउस एसोसिएशन के बैनर तले कृषि उपज मंडी परिसर पर संचालक मौन सत्याग्रह कर रहे हैं। संचालकों का कहना है कि पिछले 3 से 4 वर्षों से उन्हें भंडारित गेहूं और धान का भंडारण शुल्क नहीं मिला है। इस कारण अधिकांश संचालक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और कई बैंक के एनपीए बनने की स्थिति में पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों से बार-बार मांग करने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकला। धरने पर बैठे संचालकों ने चेतावनी दी है कि जब तक लंबित भंडारण शुल्क का पूर्ण भुगतान नहीं होता, तब तक उनका मौन सत्याग्रह जारी रहेगा। एसोसिएशन ने यह भी कहा है कि अगर जल्द ही भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना स्थल पर जिलेभर से वेयरहाउस संचालक जुटे हैं और प्रशासन से शीघ्र निर्णय की मांग कर रहे हैं।

सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित कर दी विदाई

पीएमश्री बेलखाडू स्कूल में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

नवभारत,बेलखाडू (जबलपुर)। शासकीय पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल बेलखाडू में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में 8 सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान आयोजन समिति के शिक्षक मनोज शुक्ला, ब्रजराज श्रीवास्तव, देवी प्रसाद नामदेव, नितिन शर्मा, इंद्र सिंह राजपूत की देख रेख में रखा गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पूर्व शिक्षक प्रकाश सेन ने बताया कि खिरिया कला स्कूल की प्राचार्य मंजुला सेतिया, सूरतलाई स्कूल की प्राचार्य कविता पंथ , सूरतलाई स्कूल की प्रधान अध्यापक रूमा राय, माध्यमिक शाला रेगवा के प्रधान अध्यापक रामकुमार झारिया, पीएम श्री विद्यालय बेलखाडू की सहायक शिक्षक एलिजाबेथ तिग्गा ,शासकीय शाला मखेरा की सहायक शिक्षक नीता गौर, शास शाला सूरतलाई के सहायक शिक्षक अनीता कश्यप, प्राथमिक शाला प्रभात नगर के सहायक शिक्षक विनोद देवलिया आदि के सेवानिवृत्त होने के पश्चात आज फूल मालाओं, शॉल श्रीफल, सम्मान पत्र और उपहारों को पीएम श्री स्कूल बेलखाडू के प्राचार्य बी आर परस्ते सहित अन्य शिक्षकों ने सौप कर सम्मान किया। स्कूल प्रांगण में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम दौरान शिक्षक जुगल किशोर नामदेव, संजय उपाध्याय,सतीश चढ़ार, दीपक सोनी, संगीता दुबे, पुष्प लता त्रिपाठी, ममता सोनी,क्षमा देवलिया,ऋचा मुछारीया, सुनीता ठाकुर, वंदना श्रीवास्तव, सुनीता ठाकुर, सुनीता जसूजा, सुषमा सिंह, संजय चौबे, प्रदीप शर्मा, सुरेंद्र पटेल , नीलम सिंह सहित अनेकों शालाओं के शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन प्रकाश सेन और आभार शिक्षिका पुष्प लता त्रिपाठी ने किया।

ताश खेलने मना किया युवक पर किया हमला

जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत धमकी तिराहे के पास ताश खेलने से मना करने पर बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए उस पर लाठी से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि संदीप पटैल 42 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 9 शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे धमकी तिराहे के पास घूमने गया था राधे की टपरिया मे सोनू महराज एवं मोती सेन मिले हमारे बीच सामान्य बातचीत हुयी, उसने बातचीत के दौरान ताश खेलने से मना किया तो सोनू महराज एवं मोती सेन ने मारपीट कर दी। माती ने लाठी से हमला कर चोट पहुंचा दी।

कैंट विधायक ने की लेफ्टिनेंट जनरल से मुलाकात

नवभारत, जबलपुर। छावनी क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने लेफ्टिनेंट जनरल पी. एस. शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया से ऑपचारिक भेंट कर छावनी क्षेत्र में व्यापक विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सैनिकों उनके परिवारों तथा जबलपुर छावनी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के लिए सुविधाओं, नागरिक सेवाओं और कल्याणकारी व्यवस्थाओं में समग्र एवं समयबद्ध सुधार पर सहमति व्यक्त की । जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए रोहाणी ने 'सूर्या हाफ मैराथन' (तृतीय संस्करण) हेतु स्वयं पंजीकरण किया और संस्कारधानी जबलपुर के नागरिकों से 16 नवंबर 2025 को होने वाले इस भव्य आयोजन में उत्साहपूर्वक पंजीकरण कर भाग लेने का आह्वान किया। विधायक रोहाणी जी ने गीता ज्ञानेश्वरी मंदिर, भैरव ताल और वरूंची हनुमान मंदिर में स्वच्छता और सामुदायिक सेवाओं को बढ़ाने के लिए किए गए विकास कार्यों के लिए जीओसी, मध्य भारत एरिया का आभार व्यक्त किया। विधायक ने इन स्थलों के विकास के लिए विधायक निधि से सहयोग करने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।

जीओसी, मध्य भारत एरिया ने विधायक की इस पहल का स्वागत किया और उनसे ठोस प्रस्ताव देने का अनुरोध किया ताकि उसे विकास योजना में सम्मिलित किया जा सके।

बच्चों का हुआ हेल्थ चेकअप

नवभारत,जबलपुर। वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल सिविल लाइन पचपेड़ी में बच्चों का नि:शुल्क सामान्य परीक्षण किया गया। इसमें मेट्रो प्राइम मल्टी स्पेसिलिटी हॉस्पिटल के स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. विष्णु नम्बूथिरी, तेजवाली कुशवाहा, सागर सिंग, प्राचार्य रूपा बैनर्जी, सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच कार्यवाही

पाटन। नगर परिषद पाटन क्षेत्र अंतर्गत गरुण दल द्वारा राजस्व विभाग पाटन, नगर परिषद पाटन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्यवाही एवं निरीक्षण करते हुये विभिन्न खाद्य पदार्थो के नमूना संग्रहण एवं अशुध्द पदार्थो के विनिष्टीकरण की कार्यवाही करते हुये बालाजी बीकानेर निर्माण स्थल, संदीप मिष्ठान भंडार, अनूप नेमा मिष्ठान भंडार, नेमा जी स्वीट्स, बड्डू खोबा वाले, जुगल मिष्ठान, धनीराम मिष्ठान, मदन मिष्ठान, राजू मिष्ठान भंडार, पवन मोबाईल एण्ड इलेक्ट्रिक एवं नेमा मिष्ठान भंडार से समाप्ति तिथी के 21 किलो नमकीन, 57 किलो मीठा एवं 15 किलो खोबा, 05 एसेंस, जब्त करते हुये विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई, साथ ही मांवा, रसगुल्ला, नमकीन, वर्फी, कलाकंद, पेड़ा, खोवा कलर वाली मिठाई वर्फी एवं पेड़ा आदि के नमूना प्राप्त करते हुये जांच हेतु भेजे गये, जिन दुकानो के टेऊ्ड लांइसेंस नही पाये गये उन दुकानदारो पर राशि 20000 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही करते हुये गंदगी फैलाने, सड़क पर दुकान लगाने, नो पार्किंग मे वाहन एवं दुकान लगाने वाले दुकानदारो को चेतावनी देते हुये समझाइश दी गई। कार्यवाही में मानवेन्द्र सिंह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सच्चिदानंद त्रिपाठी तहसीलदार, श्रीमति जयश्री चैहान मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अमित गुप्ता खाद्य अधिकारी, विनोद धुर्वे खाद्य अधिकारी, जयसिंह धुर्वे नायब तहसीलदार, दीपेश बबेले सहायक अन्य उपस्थित रहे।

कुख्यात सटोरिया चेलों समेत गया जेल

जबलपुर। गोरखपुर पुलिस ने कुख्यात सटोरिये कैलाश कुम्हार के सट्टे के अड्डे पर शुक्रवार शाम छापेमारी करते हुए । चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था लाखों का लेखा जोखा समेत नगद 13 हजार रूपये, टेबल कुर्सी, केलकुलेटर जप्त किए गए थे। शनिवार को चारों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक कुम्हार मोहल्ला निवासी कैलाश कुम्हार जिसके खिलाफ लगभग दो दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं जो अपने घर के प्रथम तल में टेबल कुर्सी लगाकर सट्टा पट्टी लिखवाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा था। सूचना पर शुक्रवार को घेराबंदी की गई थी खिड़की से देखने पर सटोरियों ने दरवाजा बंद कर दिया था। पुलिस ने धक्का देकर दरवाजा खोलकर दबिश दी थी मौके से सोनू चौहान पिता जगमोहन चौहान 35 वर्ष निवासी जोगी मोहल्ला गोरखपुर, नारायण प्रसाद चौबे पिता जमुना प्रसाद चौबे 70 वर्ष निवासी साईधाम ग्वारीघाट, लखन ठाकुर पिता स्व. शंकर ठाकुर 60 वर्ष निवासी मांडवा को पकड़ा था। जिन्होंने पूछताछ पर सट्टा पट्टी काटने से दिन भर में जो भी पैसा मिलता है सट्टा पट्टी के सहित कैलाश को देना बताये कैलाश कुम्हार सट्टा पट्टी के एवज में कैलाश द्वारा प्रतिदिन के हिसाब से 300 रूपये देता था।

आरोपी कैलाश कुम्हार थाने का निगरानी बमदाश है। जिसका एक गिरफ्तारी वारंट काफी समय से लंबित थी। घर के ऊपरी तल में सर्चिंग के दौरान कैलाश कुम्हार 48 वर्ष अपने घर के अंदर छिपा मिला था। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि चारों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

नाम सुधार सूचना

मैं संजय कुमार सोनकर पिता नील कमल सोनकर म.नं.702, ब्यौहारबाग डॉ. पाण्डे के पीछे जबलपुर जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्र.54 का निवासी हूँ यह कि मेरी दो पुत्री हैं पूर्वी सोनकर और मानसी सोनकर के जन्म प्रमाणपत्र में गोलू सोनकर दर्ज हो गया है, जो कि मेरा घरेलू प्रचलित नाम है। यह कि मेरा सही नाम संजय कुमार सोनकर है जो कि मेरे आधारकार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है यह कि जहाँ कहीं भी आवश्यकता हो तो मुझे संजय कुमार सोनकर के नाम से लिखा पढ़ा जाये।

गलत नाम- गोलू सोनकर
सही नाम- संजय कुमार सोनकर

खण्डहरनुमा मकान में रखा था शराब का जखीरा

जबलपुर। बेलखेडा खेरमाई मोहल्ला में एक खंडहनुमा मकान में छिपाकर रखी गई 750 पाव अवैध देशी शराब पुलिस ने जप्त कर ली है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बेलखेडा में खेरमाई मोहल्ला में एक खंडहर मकान में दबिश दी गई जहां सूनसान जगह पर 15 कार्टून रखे मिले कार्टूनो को खोलकर चैक करने 15 कार्टून के अंदर कुल 750 पाव देशी शराब कीमती 75000 रुपए की होना पायी गयी जिसे जप्त करते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी पतासाजी की जा रही है।

कमलेश मिश्रा
श्री बालाजी मंडलधाम
मित्र मंडल की तरफ से
जन्म दिवस की
शुभकामनायें
श्रीनाथ की तलैया

विकास और स्वच्छता कार्यों की समीक्षा बैठक

जबलपुर। कैंट विधानसभा अंतर्गत कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार की उपस्थिति में कैंट विधानसभा अंतर्गत एम पी एम एल ए फंड , मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना मुख्यमंत्री अधोसंरचना तथा पार्षद मद के विकास कार्यों की समीक्षा की गई जल्द ही भूमिपूजन कर विकाश कार्य होंगे प्रारंभ एवं जल विभाग के अंतर्गत अमृत योजना प्रोजेक्ट 2 के कामों की भी समीक्षा की गई साथ में स्वच्छता विभाग की समीक्षा की गई सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो इस हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया इस अवसर पर एम आई सी सदस्य दामोदर सोनी मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर आशीष राव सौरभ गोयल पार्षद श्याम कनोजिया कृष्णदास चौधरी संतोषी ठाकुर सावित्री शाह बाबा श्रीवास्तव रीना ऋषि यादव निशांत झरिया विधायक प्रतिनिधि सचिन जैन गुल्लू दुबे तथा नगर निगम के कार्यपालन यंत्री (जल अधिकारी) कमलेश श्रीवास्तव स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन तथा सभी संभागीय यंत्री सम्मिलित हुए ।

कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग

संजय नगर पावर हाउस के सामने अधारताल जबलपुर

निविदा विज्ञप्ति (तृतीय एवं अंतिम निविदा आमंत्रण)

(केटरिंग एजेंसी के चयन हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बावत)

क्रमांक/ई-5 स्था/2025-26/1863 — जबलपुर, दिनांक 10 अक्टूबर 2025

निविदा सूचना

संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग जबलपुर (म.प्र.) के केन्द्र का नाम - कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत मेस केटरिंग कार्य हेतु एक वर्ष की अवधि के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई.ओ.आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

निविदा क्रमांक	विवरण	निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)	धरोहर राशि (₹)	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
1864	संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग जबलपुर के अधीन स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत मेस केटरिंग कार्य हेतु तृतीय निविदा आमंत्रण।	10 अक्टूबर 2025	2,000	2,00,000	30 अक्टूबर 2025

1. इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों की प्रति संभागीय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग व्हीकल फेक्ट्री रोड अधारताल जबलपुर (म.प्र.) 482004 कार्यालय से दिनांक 10/10/2025 से निर्धारित मूल्य ₹. 2000 का नगद भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य राशि ₹. 40 लाख (राशि रुपये चालीस लाख) वार्षिक है।

कृषि यंत्री
कृषि अभियांत्रिकी संभाग
जबलपुर

जी-19832/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धिपत्र संख्या 42/2025

निविदा सं 81255196 जिसके खुलने की तिथि 10/10/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/97/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं– **Tender No. & short Description :** 81255196 **Description-manufacture** एंड सप्लाई ऑफ 1 (one) मीटर long फिश प्लेट, **Tender Opening date:** From 10/10/2025, To 21/10/2025, अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइटः **https://www.ireps.gov.in.** देखें

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धिपत्र संख्या 44/2025

निविदा सं 20255020 जिसके खुलने की तिथि 10/10/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/95/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं– **Tender No. & short Description :** 20255020 **Description-** IGBT बेस्ड 3– फेज ड्राइव propulsion Equipments, **Tender Opening date:** From 10/10/2025, To 24/10/2025, अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइटः **https://www.ireps.gov.in.** देखें ।

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) छिंदवाड़ा

क्रमांक/5148/स्टोर/ई-निविदा/जजाकावि/2025 — छिन्दवाड़ा, दिनांक 08/10/2025

ई-निविदा विज्ञप्ति

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (ऑनलाइन प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. भण्डार कय नियम तथा सेवा उर्पाजन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के तहत कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल के पत्र कमांक / बजट / 2025-26 /3437 / भोपाल दिनांक 24/07/2025 में प्रदत्त आवंटन एवं दिये गये निर्देशानुसार विभागीय 34 अनुसूचित जाति छात्रावासों में सामग्री पूर्ति मदांतर्गत पलंग, गद्दे, आलमारी, सीलिंग फेन आदि सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा पत्र क्रय की अंतिम एवं जमा करने तिथि 27/10/2025 तक है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र तथा अन्य जानकारियां **www.gem.gov.in** पर देखी जा सकती है।

क्र.	ऑनलाईन टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	जिले का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रूपये में)
1.	जेम/2025/बी/6759096	विभागीय 34 अनुसूचित जाति छात्रावासों में सामग्री पूर्ति मदांतर्गत पलंग, गद्दे, आलमारी, सीलिंग फेन आदि सामग्री प्रदाय।	छिन्दवाड़ा	50.25	150000

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग छिन्दवाड़ा

जी-19800/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

श्री शुभम् हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर

मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल

जनरल मेडिसिन • हृदय रोग • नेत्र रोग • अस्थि रोग • जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी • न्यूरो तथा स्पाइन • नाक-कान-गला रोग • कैंसर • स्त्री एवं प्रसूती रोग • बाल रोग

24/7 आकस्मिक चिकित्सा, भर्ती, एम्बूलेंस, दवाईयां सुविधा उपलब्ध है

दशमेश द्वार, मदन महल चौक, नागपुर रोड, जबलपुर फोन. 0761.4051253 मो.9329486447

मोहन्ती चेस्ट हॉस्पिटल

डॉ. ए.पी. मोहन्ती
(एम.डी.चेस्ट वरिष्ठ छाती एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)

एम.डी.आर. टी.बी., निमोनिया, फेफड़ों में जमे पानी का इलाज, दमा, सांस फूलने का इलाज, एलर्जी टेस्ट, स्लीप स्टडी, स्पाईरोमेट्री, ब्रॉकोस्कोपी एवं धूम्रपान छुड़ाना।

पता: जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, रसल चौक जबलपुर
0761-3585408, 7999985457
0761-4047091, 7898409109